बरेली, शनिवार
19 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO, 03, TOP

– एसआरएमएस मे वार्षिकोत्सव जेस्ट का आयोजन शाम साढ़े छह बजे।

PAGE NO, 05, BOTTOM

कशिश भरी आवाज में स्वरों को छेड़ आयुष ने गीतों में दिखाया परिवर्तन

एसआरएमएस मे आयोजित जेस्ट के शुभारंभ पर ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति व अन्य • सौ. स्वयं

जासं, बरेली: श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में टायरो क्लब की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट-2022 परिवर्तन एक चक्र का आगाज हो गया। आयुष सक्सेना पुरानी फिल्मों के गीतों के मुखड़ों को स्वर देते हुए 2022 तक पहुंचे और गीतों में परिवर्तन को दिखाया। नृत्य प्रस्तुति के जरिये शिव की आराधना हुई और दुर्गा के युद्ध को नृत्य शैली में प्रदर्शित किया गया।

ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों की ओर से हैरी पाटर थीम पर बनाई आर्ट गैलरी का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा को सराहा। चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि परिवर्तन एक चक्र है। यह हमेशा अच्छे के लिए होता है। टायरो अध्यक्ष रौनक तिवारी ने जेस्ट में बताया कि स्ट्रीट प्ले, बैटल आफ बैंड्स, ग्रुप डांस,

एसआरएमएस में आयोजित जेस्ट के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी • सौ. स्वयं

सोलो सिंगिंग, मोनो एक्ट, टैटू मेकिंग सहित 45 स्पर्धाएं हुईं। इनमें एसआरएमएस ट्रस्ट के बरेली, उन्नाव और लखनऊ स्थित समस्त तकनीकी एवं प्रबंधन महाविद्यालयों के 900 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। समापन शनिवार को स्टार नाइट से होगा। टायरो सचिव वंशिका गुप्ता ने सभी का आभार जताया। डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. एसबी गुप्ता, डा. एलएस मौर्य, डा. रिंटू चतुर्वेदी, मुकुट बिहारी लाल, डा. नसीम अख्तर, डा. अनुज कुमार, डा. आरती गुप्ता, डा. सोवन मोहंती, कपिल भूषण आदि रहे।